- उनकी आय, विभिन्न योजनाओं के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहनों पर निर्भर करती है। ये प्रोत्साहन 'आशा कार्यकर्ताओं' को एक संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करवाने या बच्चे का टीकाकरण करवाने जैसे कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं। इन सब कार्यो के लिए, इनको मात्र 6,000 रुपये से 8,000 रुपये तक प्रति माह मिलते है।



प्रीलिम्स लिंक:

1. आशा कार्यकर्ता - पात्रता
2. भूमिकाएं और कार्य
3. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के बारे में

मैंस लिंक: सामुदायिक संयोजक, कार्यकर्ता और प्रथम संपर्क देखभाल प्रदाता की विविध भूमिकाओं को वास्तव में एकीकृत करने के लिए 'आशा कार्यकर्ताओं' को सशक्त बनाने से जमीनी स्तर पर समग्र विकासात्मक परिणाम सुनिश्चित होंगे। चर्चा कीजिए।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस।

विषय:भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखीय हलचल, चक्रवात आदि जैसी महत्त्वपूर्ण भू-भौतिकीय घटनाएँ, भौगोलिक विशेषताएँ और उनके स्थान- अति महत्त्वपूर्ण भौगोलिक विशेषताओं (जल-स्रोत और हिमावरण सहित) और वनस्पति एवं प्राणिजगत में परिवर्तन और इस प्रकार के परिवर्तनों के प्रभाव।

1. चक्रवात असानी

'असानी' (Asani), बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होने वाला एक 'चक्रवाती तूफान' है, जिसके भारत के पूर्वी तटीय मैदानों- मुख्य रूप से ओडिशा और आंध्र प्रदेश के - क्षेत्रों की ओर तेजी से आगे बढ़ने की संभावना है।

'चक्रवात असानी' – प्रमुख तथ्य:

- इसका नामकरण: श्रीलंका द्वारा। सिंहली भाषा में 'असानी' का अर्थ 'क्रोध' होता है।
- उत्पत्ति: बंगाल की खाड़ी में।
- 'चक्रवात असानी' इस मौसम में आने वाला पहला चक्रवाती तूफान होगा।